
हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 35.6 डिग्री
न्यूनतम 21.4 डिग्री


11 गुणवत्तापरक शिक्षा में चुनौतियों पर रखे विचार


12 गर्मी बढ़ने से बिजली की खपत 10 लाख यूनिट बढ़ी

Farm House
Kothi, Villa के लिये 300 गज के प्लाट
44 फुट चौड़ी सड़कें, सीवर व पानी लाइन, बिजली
अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : http://www.guptaproperty.in/
मात्र 20 लाख में
NOC ZONE
पक्की रजिस्ट्री
M. 8950904219
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर

## शहर में आज

- रोडवेज बस स्टैंड पर कर्मचारियों का प्रदर्शन सुबह 10 बजे से
- दीपेंद्र सिंह हुड्डा महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में छात्रों से संवाद करेंगे दोपहर 12 बजे
- स्वीप के तहत प्रशासन द्वारा पुलिस लाइन से साइकिल रैली निकाली जाएगी प्रात: 6:30 बजे
- नगर निगम की टीम चलाएगी अभियान डेयरी और अतिक्रमण वालों पर एक्शन 10.30 बजे से
- नगर निगम द्वारा शहर के वार्डों में विशेषस सफाईअभियान चलाया जाएगा सुबह 8 बजे से
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर लगाया जाएगा सुबह 10 बजे से
- दुर्गाष्ठमी के उपलक्ष्य में गोकर्ण डेरे पर हवन सुबह 11 बजे से
- मदवि के आंबेडकर हॉल में छात्र संगठन द्वारा इंडिया गठबंधन का कार्यक्रम सुबह 11 बजे

## बिजली कट

- सुबह 9 से 12 बजे तक वैश्य कॉलेज, नया पड़ाव, अग्रसेन कॉलोनी, जनता कॉलोनी, राम नगर काठ मंडी, तारा होटल वाली गली, मिलन पार्क, सैनिक पार्क, नई सब्जी मंडी आदि क्षत्रों में बिजली नहीं आएगी

## खबर संक्षेप

### युवक का शव मिला नहीं हुई शिनाख्त

**कलानौर।** पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेजवाया गया है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम के बाद ही हो पाएगा। कलानौर थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके पर आकर जांच पड़ताल की। युवक की उम्र करीब 35 साल है।

### मोखरा खास में बुजुर्ग के साथ मारपीट, केस

**महम।** मोखरा खास गांव में एक बुजुर्ग के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। घायल अवस्था को बुजुर्ग को अस्पताल में दाखिल करवाया गया। पीड़ित की शिकायत पर बहु अकबरपुर थाना पुलिस ने पत्नी और दो पुत्रवधुओं के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डॉ. हर्ष कुमार युवा कांग्रेस डॉक्टर सेल का चेयरमैन बने

**रोहतक।** हरियाणा कांग्रेस द्वारा राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र हुड्डा की उपस्थिति में डॉ. हर्ष कुमार धीगड़ा को हरियाणा युवा कांग्रेस डॉक्टर सेल का चेयरमैन नियुक्त किया गया। डॉ. हर्ष कुमार धीगड़ा अपने युवा साथियों सहित दीपेन्द्र हुड्डा से मिले। दीपेन्द्र हुड्डा ने हर्ष कुमार धीगड़ा के कार्यो की सराहना की और आने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए कहा। भाई दिव्यांशु बुद्दिराजा, सागर दुरेजा आदि मौजूद रहे।

कनीना हादसे के बाद प्रशासन जागा: दो दिन में 43 बसें जब्त, 45 के चालान काटे

# नहीं सुधर रहे स्कूल वाले, किसी बस में कैमरे नहीं तो किसी की फिटनेस खराब, 3 बसें इंपाउंड, अब तैयार हो रहा रिकॉर्ड

- सोमवार को 163 बसों की जांच, तीन का चालान किया
- महम में 26 बसों की जांच, वर्दी में नहीं था चालक, आज फिर होगी चेकिंग
- बच्चों के सिर्फ स्कूल बस कोई और वाहन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कनीना हादसे के बाद प्रशासन जागा है और स्कूल बसों की जांच तेजी से की जा रही है। एसडीएम पूरी टीम के ससाथ फिल्ड में हैं और स्कूल पहुंचकर चेकिंग कर रहे हैं। दो दिनों में 287 बसों की चेकिंग की जा चुकी है। इनमें से 43 बसें जब्त कर ली गई हैं और 45 का चालान किया गया है। सोमवार को भी 163 बसों की चेकिंग की गई और 3 बसों को इंपाउंड किया। इसके साथ ही 3 बसों का चालान भी किया गया। किसी बस की फिटनेस सही नहीं थी तो किसी में ढेरों खामियां पाई गई। दूसरी ओर महम में भी 26 बसें को जांचा गया। यहां किसी बस में कैमरे नहीं थे तो किसी बस के ड्राइवर वर्दी में नहीं मिले। मंगलवार को भी अधिकारी फिल्ड में रहेंगे और चेकिंग करेंगे। बता दें कि कनीना हादेस में छात्रों की मौत के बाद प्रशासन ने स्कूली वाहनों की चेकिंग की है। अब वाहनों में ढेरों चाामियां पाई जा रही हैं। छात्रों की जान जोखिम में डालकर ये वाहन अब तक चलए जा रहे थे। ऐसे वाहनों को जब्त करके कार्रवाई की जा रही है।




### एसडीएम के नेतृत्व में बसों की जांच की गई

सोमवार को एसडीएम आशीर्ष के नेतृत्व में टीम ने स्कूल बसों की जांच की। जांच के दौरान सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की चेक लिस्ट के सभी बिंदुओं को पूरा न करने वाली बसों का चालान किया गया। 163 में से 3 बसों का चालान किया गया तथा 3 बसें इंपाउंड की गई। प्रशासन का कहना है कि अभियान लगातार चलेगा।

### लिस्ट तैयार हो रही

बसों की चेकिंग के अलावा प्रशासन ऐसे स्कूलों की लिस्ट भी तैयार कर रहा है जो सरकारी छुट्टी वाले दिन भी स्कूल खोलते हैं। ईद पर जो स्कूल खुले हुए थे उन पर भी नजरें रखी जा ही हैं। लिस्ट तैयार होती है तो कार्रवाई की जाएगी।

### सोमवार तक जमा करवाना था रिकॉर्ड

सोमवार तक स्कूल ट्रैफिक प्रबंधकों को स्कूल बसों संबंधी रिकॉर्ड जमा करवाना था। लेकिन बुहत से स्कूल वाले बसों को ठीम करवाने और कागज पूरे करने में ही लगे रहे। प्रशासन को इंतजार है कि स्कूल संचालक कब तक रिकॉर्ड देंगे।

### छात्रों की सुरक्षा के लिए खराब वाहन को चलने नहीं दिया जाएगा



जिले में लगातार स्कूल बसों की चेकिंग करने का अभियान जारी है। अलग-अलग उपमंडल में एसडीएम के नेतृत्व में टीम स्कूल बसों की जांच पड़ताल कर रही है। निर्धारित मापदंड पूरे न करने वाली बसों के चालान किए जा रहे हैं। बसों को इंपाउंड किया जा रहा है। स्कूली विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए एक भी खराब वाहन को चलने नहीं दिया जाएगा। **-अजय कुमार**, उपायुक्त, रोहतक।

### मापदंड पूरा नहीं करने वाली बसों पर निगाहें

प्रशासन की निगाहें ऐसी बसों पर हैं जो निर्धारित मापदंड पूरा नहीं कर रही। तीन दिन पहले भी चेतावनी दी गई थी कि मापदंड पूर करने वाली सडकों स्कूल बसों को सडकों पर चलने नहीं दिया जाएगा। स्कूल संचालकों को सभी नियमों व शर्तों का पालन करना होगा। इसमें कोई रियायत नहीं दी जाएगी।

## महम: निजी स्कूलों में पहुंची जांच टीम, 26 बसों की चेकिंग की

- स्कूल बस में कैमरा लगवाना अनिवार्य, ड्राइवर वर्दी में नहीं मिला तो होगी कार्रवाई
- अब कंडम गाड़ियों के सहारे नहीं चल सकेंगे निजी स्कूल
- आज भी प्राइवेट स्कूलों में बसों की जांच करेगी एसडीएम की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

कनीना में हुए सड़क हादसे में बच्चों की मौत के बाद प्रदेशभर में स्कूल बसों की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में महम में भी एसडीएम की अगुवाई में एक टीम का गठन किया गया है। इस टीम ने रविवार को भी जांच अभियान चलाया था। सोमवार को दूसरे दिन भी जांच टीम ने विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर 26 स्कूल बसों की जांच की। महम के पास दिल्ली हिसार नेशनल हाइवे पर स्थित टेलेंट ट्री स्कूल में पांच बसों की जांच की गई। इस स्कूल की सभी बसें नई थी और सभी दस्तावेज पूरे पाए गए। मॉर्डन पब्लिक स्कूल खरकड़ा में दो बस थीं, जिनमें कैमरा नहीं लगाया गया था। एक बस का टैक्स नहीं भरा गया था। दोनों कंडिशन मौके पर ही पूरी कर दी गई। खरकड़ा के पास हाइवे पर स्थित बीकेएन पब्लिक स्कूल में दो बसें पाई गई। बस चालक वर्दी में नहीं था। बसों में कैमरे नहीं लगे हुए थे। स्कूल संचालक ने कहा है कि वे कैमरे भी लगवा लेंगे और आगे से ड्राइवर भी वर्दी में मिलेंगे। डीयूबीएम स्कूल खरकड़ा में पांच बसें थी, जो सभी ठीक पाई गई। सरस्वती स्कूल बहलबा में एक ही बस थी, जो कि सभी शर्तें पूरी कर रही है। खेड़ी महम के एचडी पब्लिक स्कूल में 13 बसों के दस्तावेजों की जांच की गई।


**महम।** खेड़ी महम के एचडी पब्लिक स्कूल में स्कूल बसों के दस्तावेजों की जांच करती टीम। फोटो : हरिभूमि

### लिखित पत्र ले रहे हैं


लिखित पत्र ले रहे हैं, यदि उक्त बसों के अलावा स्कूल बस रोड पर मिली तो इंपाउंड की जाएं और कानूनी कार्रवाई की जाए। जांच टीम में शामिल प्रवक्ता डॉ. महेश वर्मा ने बताया कि स्कूल संचालकों से यह लिखित पत्र लिया जा रहा है कि यदि टीम के सामने दिखाई गई बसों के अलावा यदि कोई स्कूल बस रोड पर चलती हुई पाई गई तो उन बसों को इंपाउंड किया जाए और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। अब टीम पूरा रिकॉर्ड तैयार कर रही है। यदि इस रिकॉर्ड से अलग कोई स्कूल बस पकड़ी जाती है, तो उक्त स्कूल संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होना तय है।




# इंद्रा कॉलोनी में शॉर्ट सर्किट से घर में आग, लाखों का सामान जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंद्रा कॉलोनी स्थित एक टीचर के घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने के कारण घर में रखा काफी सामान जलकर राख हो गया। जिसके कारण लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। इसकी सूचना परिजनों ने दमकल विभाग को दी विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बता दें कि इंद्रा कॉलोनी निवासी कमल सहगल ने बताया कि वह प्राइवेट स्कूट में टीचर है। वहीं उसका बेटा हर्षित सहगल भी प्राइवेट स्कूल में टीचर है। घर में वे दोनों ही रहते हैं। दोनों मां-बेटा सोमवार को सुबह घर बंद करके स्कूल गए थे। इसके बाद उनके पड़ोसियों ने बताया कि उनके घर में आग लग गई। जिसकी सूचना मिलते ही वे वापस लौटे। उन्होंने बताया कि दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुसे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। वहीं दमकल विभाग को सूचना दी। फायरब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। जिन्होंने आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक दृष्टि से देखने में लग रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। जिसके कारण घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।


एसपीओ संदीप के परिजनों को वित्तीय सहायता के लिए 50 लाख रुपये की अनुकम्पा राशि सौंपते एसपी हिमांशु गर्ग।

### पुलिस ने मृतक एसपीओ के परिवार को दी 50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता राशि

**रोहतक।** पुलिस विभाग में तैनात एसपीओ संदीप की सड़क हादसे के कारण मौत हो गई थी। एसपी हिमांशु गर्ग ने मृतक एसपीओ संदीप के परिवार को सांत्वना देते हुए उनकी पत्नी दर्शना देवी व उनके माता-पिता को 50 लाख रुपये की अनुकम्पा वित्तीय सहायता राशि दी है। एसपीओ संदीप कुमार पुलिस लाइन में तैनात थे। 19 अगस्त 2023 को एसपीओ संदीप की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। संदीप गांव बसंतपुर जिला रोहतक के रहने वाले थे। उनके परिवार में उनके माता-पिता, पत्नी व एक पुत्र है।

पानी का स्तर करवाया कम, 70 किमी तक तलाश कर चुकी एनडीआरएफ टीम

# जेएलएन में एक सप्ताह में दो बच्चे और बुजुर्ग डूबा, नहीं लगा सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जेएलएन नहर में पिछले एक सप्ताह में दो बच्चों सहित एक बुजुर्ग डूब चुका है जिसमें से अभी तक एक बच्चे का ही शव झज्जर क्षेत्र में बरामद हुआ है, जबकि दूसरे बच्चे व बुजुर्ग की तलाश जारी है। एनडीआरएफ की टीम पिछले कई दिनों से लगातार जांच अभियान चलाए हुए है, लेकिन अभी तक दोनों में से किसी का सुराग नहीं लगा। अब जेएलएन में पानी की स्तर कम करवाया गया है, जिससे उम्मीद है कि जल्द ही दोनों के शव बरामद हो जाएंगे।

एनडीआरएफ का अभियान



### दयानंद खेत पर गया था, वापस नहीं लौटा

बता दें कि 12 अप्रैल को गांव धामड़ निवासी जयबीर सिंह ने सदर थाना में शिकायत दर्ज करवाई, जिसमें बताया कि उसका भाई दयानंद शुक्रवार से लापता है। घर से खेत में जाने की कहकर निकला था, लेकिन पता चला कि जब वह नहर की तरफ पानी लेने गया तो उसका पैर फिसल गया और वह नहर में गिर गया।

### 7 अप्रैल को नहर पर खेलने गए थे 2 भाई

जानकारी अनुसारी उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर निवासी मोनू ने पुलिस को बताया कि 7 अप्रैल को उसके दो बच्चे नहर पर गए थे। उसका बड़ा बेटा 15 वर्षीय हिमांशु है, जबकि छोटा बेटा 12 वर्षीय निकित है। इनमें से हिमांशु दसवीं कक्षा में तो छोटा बेटा 7वीं कक्षा में पढ़ता था। घर से खेलने की कहकर निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। बाद में पता चला कि उसके बेटे नहर में डूब गए है, जिसके बाद उन्होंने काफी तलाश किया, लेकिन सुराग नहीं लगा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सर्च अभियान चलाया, जिसके बाद 10 अप्रैल को बड़े बेटे हिमांशु का शव मिला, लेकिन दूसरे बच्चे की तलाश अभी तक जारी है।

संबोधन | रिसर्च मैथडोलॉजी पर आयोजित कार्यशाला के शुभारंभ पर बोले प्रो. राजबीर सिंह

# शोध का उपयोग जल, पर्यावरण, स्वास्थ्य, रोजगार समेत अन्य समस्याओं का हल निकालने के लिए हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शोध का उपयोग जल, पर्यावरण, स्वास्थ्य, रोजगार समेत अन्य समाज और राष्ट्र से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों तथा समस्याओं का हल निकालने के लिए हो। शोधार्थी नवोन्मेषी एवं गुणवत्तापरक शोध कार्य करें और अपनी पढ़ने व समझने की क्षमता को विकसित करें। यह प्रेरणादायी उद्गार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सोमवार को फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेज द्वारा चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज के तत्वावधान में- रिसर्च मैथडोलॉजी पर आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति ने पीएचडी पाठ्यक्रम की महत्ता से अवगत कराते हुए नव प्रवेश प्राप्त शोधार्थियों को पीएचडी के तीन-चार साल कड़ी मेहनत करने के लिए मोटिवेट किया। कुलपति ने शोध विषय, शोध पद्धति, शोध लेखन, रिव्यू ऑफ लिटरेचर समेत शोध से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं को सामने रखते हुए शोधार्थियों को उत्कृष्ट शोध कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शोधार्थियों से अपने संचार कौशल में अभिवृद्धि करने की बात कही।


**रोहतक।** कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह व गेस्ट ऑफ ऑनर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान। फोटो : हरिभूमि

### प्रतिभागी शोधार्थियों को शुभकामनाएं दी

कुलपति ने इस कार्यशाला के आयोजन के लिए फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेज तथा चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट को बधाई दी और प्रतिभागी शोधार्थियों को शुभकामनाएं दी। गेस्ट ऑफ ऑनर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान ने कहा कि केवल डिग्री या जॉब के लिए शोध कार्य न हो, बल्कि इसका उपयोग समाज के कल्याण के लिए भी हो। उन्होंने शोध में रिसर्च एथिक्स को महत्वपूर्ण बताया। चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट की निदेशिका प्रो. सोनिया मलिक ने शोध कार्यशाला की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में शोधार्थियों की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग पर फोकस रहेगा। उन्होंने चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट की विकास यात्रा और कार्यप्रणाली बारे भी जानकारी दी।

### कार्यशाला में 40 शोधार्थी ले रहे हैं भाग

कार्यशाला के कंवीनर फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेज के डीन प्रो. सेवा सिंह दहिया ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया। उन्होंने बताया कि फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेज के पीएचडी कोर्स वर्क के लिए एनरोल्ड विद्यार्थियों के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला के कॉर्डिनेटर इकोनॉमिक्स विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार ने कार्यशाला के उद्देश्य एवं रूपरेखा बारे बताया। कार्यशाला कॉर्डिनेटर लाइब्रेरी साइंस विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजीव कादियान ने आभार जताया। इस अवसर पर डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. अरुण नंदा, कुलपति के सलाहकार प्रो. एके राजन, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, विभिन्न संकायों के डीन, फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेज के विभागों समेत अन्य विभागों के अध्यक्ष, प्राध्यापक और शोधार्थी उपस्थित रहे। स्वराज सदन में 19 अप्रैल तक चलने वाली इस शोध कार्यशाला में लगभग 40 शोधार्थी भाग ले रहे हैं।


**रोहतक।** वाको बाइनरी सिस्मेटिक्स के अधिकारियों एचआर प्रोफेशनल्स सेजल कामरा व कमल कांत शर्मा को स्मृति चिंह देते हुए सीसीपीसी निदेशिक प्रो. दिव्या मल्हान तथा निदेशक एलुमनी रिलेशन्स प्रो. सुमित गिल।

### महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 190 छात्रों ने भाग लिया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी) के तत्वावधान में सोमवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिष्ठित आईटी सर्विस कंपनी वाको बाइनरी सिस्मेटिक्स ने इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में शिरकत की। प्रारंभ में सीसीपीसी निदेशिक प्रो. दिव्या मल्हान तथा निदेशक एलुमनी रिलेशन्स प्रो. सुमित गिल ने वाको बाइनरी सिस्मेटिक्स के अधिकारियों एचआर प्रोफेशनल्स सेजल कामरा व कमल कांत शर्मा का स्वागत किया। सेजल कामरा व कमल कांत शर्मा ने साक्षात्कार सत्र का संचालन किया और विद्यार्थियों को साक्षात्कार कौशल के व्यावहारिक पहलुओं बारे जानकारी दी। एमडीयू के साथ-साथ बीपीएस महिला विवि खानपुर कलां की छात्राओं ने भी इस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया और साक्षात्कार में खुद को प्रस्तुत करने का अनुभव प्राप्त किया। सीसीपीसी उप निदेशक डॉ. सौरभकांत डॉ. अमन वशिष्ठ ने इस कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन किया।



रिलेशनशिप / अनुराग मनींद्र

# बनाए रखें संवाद घुली रहेगी रिश्तों में मिठास

परिजन हों या रिश्तेदार या फिर मित्र, इन सबसे आपके रिश्ते हमेशा मधुर रहें, इसके लिए जरूरी है सबसे निरंतर बातचीत होती रहे, संवाद बना रहे। यह संवाद ही होता है, जो किसी प्रकार के मनमुटाव, गलतफहमी को दूर करता है, हमें रिश्तों की डोर से बांधकर रखता है।

मामूली कहा-सुनी के कारण पिछले कुछ दिनों से लावण्या और काव्या के बीच बातचीत बंद थी। दोनों का 'ईगो' संवाद की पहल करने से रोक रहा था। आखिरकार काव्या ने अपने अहम को किनारे रखकर लावण्या से बातचीत की पहल की। फिर क्या था, उन दोनों के मन में एक-दूसरे के प्रति जो कड़वाहट थी, खत्म हो गई। दोनों का सारा गुस्सा भाप बनकर उड़ गया। यह होता है संवाद का असर!

### संवाद से दूर होती है गलतफहमी

**कई बार** छोटी-मोटी तकरार या कुछ गलतफहमियों की वजह से लोग आपस में बातचीत बंद कर देते हैं। ऐसे में संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अगर यह स्थिति



लंबी खिंच जाए तो रिश्तों में दूरियां बन जाती हैं। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि गलतफहमी की वजह से संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है या संवाद के अभाव में गलतफहमी पैदा हो जाती है। इन दोनों ही स्थितियों से अपने रिश्ते को बचाने की हर संभव कोशिश करनी चाहिए। दोनों में से किसी भी पक्ष की अपनी ओर से संवाद बनाए जाने की पहल होनी चाहिए। इससे गलतफहमी दूर हो जाएगी।

**हर रिश्ता अपने-आप में खूबसूरत है:** किसी से रिश्ता, परिवार और समाज द्वारा इंसान को प्राप्त सबसे बड़ी नेमतों में से एक है। जन्म के साथ ही हमारे साथ कुछ रिश्ते जुड़ जाते हैं। फिर जैसे-जैसे हम बड़े होते जाते हैं, घर-परिवार और समाज में तमाम लोग हमसे जुड़ते चले जाते हैं। हर रिश्ते का अपना महत्व है। हम पर निर्भर करता है कि हम रिश्तों के महत्व को कितना समझते हैं, इसे कैसे निभाते हैं।

**संवाद के लिए वक्त निकालें:** बहुत ज्यादा व्यस्त होने के कारण भी अकसर लोग अपने रिश्तों को उचित समय नहीं दे पाते हैं। ऐसे में प्रायः संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। आज की इस दौड़ती-भागती जिंदगी में हर इंसान वक्त की कमी का रोना रोता रहता है। 'वक्त की कमी' आज के दौर का सच है, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि कोई इंसान इतना व्यस्त हो कि अपनों के लिए, अपने रिश्तों के लिए जरा भी समय ना निकाल सके। एक फोन-कॉल, एक छोटी-सी मुलाकात, किसी खास मौके पर उपहार, ये सब बातें रिश्तों में मिठास घोलती हैं।


**'ईगो' को रख दें एक ओर :** जब कभी भी दो लोगों के मध्य संवादहीनता की स्थिति आती है तो सवाल यही उठता है कि बातचीत की पहल कौन करे? ऐसे में 'ईगो' बीच में आ जाता है। कई खूबसूरत रिश्ते सिर्फ संवादहीनता की वजह से मुरझा जाते हैं। ध्यान रहे, हमारा 'ईगो' किसी भी सूरत में रिश्तों से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकता। अपने 'ईगो' को एक किनारे रखें और संवाद की पहल करें। अपनों से 'कहा-सुनी' से बचते हुए, कुछ अपनी कहें, कुछ अपनों की सुनें। इससे आपके रिश्ते हमेशा खिले रहेंगे, मधुर बने रहेंगे।

# सहेली

किसी भी कारण अगर बच्चे को पिता का सान्निध्य और संरक्षण नहीं मिलता है तो अकेली मां के लिए बच्चे की परवरिश आसान नहीं होती। सिंगल मदर के बच्चे भावनात्मक रूप से बहुत कमजोर हो जाते हैं। इनका विकास बहुत ज्यादा बाधित होता है। ऐसे बच्चों की मनोदशा समझना बहुत जरूरी है, ताकि उनकी परवरिश सही ढंग से हो।

कवर स्टोरी / नीलम अरोड़ा

# इमोशनली वीक होते हैं सिंगल मदर के बच्चे



विभिन्न शोध अध्ययनों और सर्वेक्षणों से वैश्विक स्तर पर यह बात उभर कर आई है कि दुनिया में सबसे ज्यादा भावनात्मक रूप से कमजोर सिंगल मदर यानी अकेली मां के बच्चे होते हैं। उनकी यह भावनात्मक कमजोरी उनके समूचे व्यक्तित्व में हर जगह झलकती है। मसलन, सिंगल मदर्स के बच्चों की स्कूली उपलब्धियां कमतर होती हैं। सौ में से कोई एक या दो बच्चा ही पढ़ने में औसत से बेहतर होता है। अपनी कक्षा में सबसे तेज-तर्रार होना तो ऐसी मदर्स के बच्चों के लिए स्वप्न सरीखा होता है, क्योंकि इन बच्चों का सामाजिक और भावनात्मक विकास उस स्तर का नहीं हुआ होता कि ये व्यावहारिक दुनिया की वास्तविकताओं का सहजता से सामना कर सकें। सिंगल मदर के बच्चे स्वभाव से बेहद चिड़चिड़े, कामचोर और परफॉर्मेंस के मामले में दयनीय होते हैं। इनकी दिनचर्या, शिक्षा, आवास व्यवस्था और पारिवारिक आय में हमेशा सिंगल मदर का बच्चा होना मौजूद रहता है।

### समाज की तमाम खूबियों से वंचित

समाजशास्त्री बार-बार कहते हैं कि आदमी एक सामाजिक प्राणी है, इसलिए आदमी की परवरिश में सामाजिक तत्वों का बहुत महत्व होता है। जब किसी बच्चे को अपने विकास के क्रम में ये सामाजिक तत्व हासिल नहीं होते, तो वे समाज की उन तमाम खूबियों से वंचित हो जाते हैं, जो खूबियां दूसरे बच्चों को बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के हासिल होती हैं। अकेले मां-बाप के बच्चे जो ज्यादातर समय अकेले रहते हैं, उनकी भाषा उन बच्चों से भिन्न होती है, जो बच्चे अपने घर के तमाम सदस्यों के साथ रहते हैं। इनकी भाषा असभ्य, हिंसक और सीमित शब्दावलियों वाली होती है, क्योंकि ये कम से कम शब्दों को सीखते हैं और उन्हीं से काम चलाते हैं।

### हमेशा रहते हैं डरे-सहमे

अमेरिका में सिंगल मदर के किशोरों का अध्ययन करने से पता चला है कि ये हमेशा डरे-डरे रहते हैं, क्योंकि यह बचपन में बहुत लंबे समय तक अकेले रहे होते हैं। इनके अंदर समूह में किस तरह व्यवहार किया जाए, इसकी समझ नहीं होती। ये कई लोगों के बीच अचकचा जाते हैं। इन्हें घर से भाग जाना, चोरी करना और शराब पीना ना बुरा लगता है और ना ही इससे इनको किसी तरह का खतरा महसूस होता है। अकेले रहने के कारण इनके शरीर में रासायनिक परिवर्तन की भिन्नता भी देखने को मिलती है। मसलन, इनमें अकसर तनाव का हार्मोन कोर्टिसोल बढ़े हुए स्तर पर पाया जाता है। ये या तो अकसर सोते ही रहते हैं या बहुत कम सोते हैं। ये बहुत आसानी से धूम्रपान या किसी अन्य व्यसन के आदी हो जाते हैं।

### कई तरह की व्याधियों से होते हैं घिरे

अकेली मां के बच्चों की जो एक खास पहचान है, वह यह है कि वो अकसर सिरदर्द या ऐसे अस्पष्ट दर्द से पीड़ित होते हैं, जो उन्हें पता ही नहीं होता कि कहां हो रहा है, किस वजह से हो रहा है। यह ज्यादातर समय गंदे रहते हैं। सजने-संवरने का इन्हें कोई शौक नहीं होता और खाने के मामले में इनमें जरा भी सौंदर्यबोध नहीं होता। ये खाने को इस तरह से खाते हैं कि आमतौर पर किसी दूसरे को देखने में बुरा लगता है। ये अवसाद और चिंताओं से घिरे होते हैं। ये शरीर से कमजोर होते हैं और बहुत कम के चेहरे पर कभी कोई आकर्षण दिखता है। कुल मिलाकर अकेलापन सिर्फ बूढ़ों को ही लाचार नहीं बनाता बल्कि अगर यह छोटे बच्चों के जीवन में भी मौजूद होता है, तो उन्हें भी यह बचपन से कुंठित कर डालता है। इसलिए ऐसे बच्चों की परवरिश में मां को बहुत सावधानियां बरतनी पड़ती हैं। ऐसे में सिंगल मदर्स के प्रति परिजन, रिश्तेदार और आस-पास के लोगों का एक सामाजिक दायित्व बनता है कि वे अकेली मां को ही नहीं, उसके बच्चे को भी अपना प्रेम-स्नेह दें, उनका भावनात्मक संबल बनें, ताकि वे अपने आपको अकेला, निसहाय ना समझें। बच्चों का विकास सही ढंग से हो।



### अकेले रहना करते हैं पसंद

**देखा यही** गया है कि अकेली मां के बच्चे स्कूलों में सहजता से टीचर की बातें समझ नहीं पाते। समझते हैं तो सीख नहीं पाते और टीचर ही नहीं बल्कि अपने सहपाठियों के साथ भी तालमेल नहीं बैठा पाते। इन्हें उनका व्यवहार अटपटा लगता है और बाकी बच्चों की नजरों में अकेली मां के ये बच्चे अबूझ किस्म के होते हैं, ये बच्चे ज्यादातर समय अकेले रहना पसंद करते हैं। अकेले रहते हुए कई तरह की असुरक्षाओं से दो-चार होते हैं। इनका शरीर तो पर्याप्त पोषण से वंचित होता ही है, इनके मन और दिमाग को भी पर्याप्त पोषण नहीं मिलता। ज्यादातर सीरियल किलर विस्तृत अध्ययन में एकल मां-बाप के बच्चे पाए गए हैं या जिन्हें बचपन में लंबे समय तक अकेले रहना पड़ा है।



बिहेवियर / शीला श्रीवास्तव

# पति के मित्रों का जरूर करें आदर-सत्कार लेकिन...

पति के मित्र भी आपके अतिथि हैं, आत्मीय हैं। वे जब घर आएं तो उनका पूरा आदर-सत्कार करें, लेकिन कुछ बातों का ध्यान भी जरूर रखें, यह रिश्तों की मर्यादा के लिए जरूरी है।

पति के मित्र पत्नी के भी आत्मीय होते हैं, क्योंकि वे दुःख की घड़ी या आपात-स्थिति में मददगार होते हैं, परिवार का संबल बनते हैं। इस मित्रता में आदर-सत्कार और स्नेह के भाव जरूर होने चाहिए, लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है।

**बनाए रखें शालीनता :** पति के मित्रों से बात करना गलत नहीं है, लेकिन बातचीत की भाषा कभी भी हल्की नहीं रखें, ना ही उल्टे-सीधे मजाक करें। कोई ऐसी हरकत भी ना करें, जिससे आपकी छवि बिगड़े। पति के मित्रों के साथ हमेशा शालीनता से पेश आएं। एक गरिमा बनाकर रखें, इससे उन पर आपके व्यक्तित्व का अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

**शिकायत ना करें:** अपने घर-गृहस्थी और परिवार के लोगों की शिकायत कभी भी भूलकर पति के मित्र के सामने ना करें, जैसे 'मैं आपको क्या बताऊं भाई साहब, सालों हो गए हमें मूवी देखे।', 'रेस्टोरेंट जाने को बोलो तो एक ही बात उनके जुबां पर होती है, मुझे बाहर का खाना नहीं जमता।' साथ ही पति के मित्रों से कभी अपने पति की तुलना ना करें, ना ही उनकी किसी कमजोरी का जिक्र करें, जैसे 'भाई साहब आप अपनी वाइफ का कितना ख्याल रखते हैं और एक ये हैं, इन्हें तो मेरी कोई फिक्र ही नहीं रहती। अब मैं आपसे क्या-क्या बताऊं...।' ऐसी शिकायतों से आपके पति के मित्र को ऐसा लग सकता है कि आप अपने पति से खुश नहीं हैं। जब ऐसी शिकायतें आपके पति को पता चलेंगी तो इसका गलत असर आपके दांपत्य जीवन पर पड़ सकता है।

### पति की अनुपस्थिति में ज्यादा देर ना बैठाएं

**पति की** अनुपस्थिति में उनके मित्र से बहुत अधिक समय बात ना करें या रुकने को ना कहें। घर में अन्य सदस्य हैं तो भी



थोड़े से अतिथि सत्कार के बाद उन्हें विदा कर दें। विशेषकर जब आप घर में अकेली हों तो जहां तक संभव हो, उन्हें घर के अंदर बैठाने से बचें।

**पति से कुछ ना छिपाएं:** यदि आपको पति के मित्र की कोई हरकत पसंद नहीं आ रही हो, अनुचित लगे तो तुरंत अपने पति को बताएं ताकि उनके सामने उस मित्र की असलियत पता चले और पति इस पर अपने ढंग से टोकें या ऐसे मित्र से एक दूरी बना लें।

**बुरे व्यसन वालों से रहें सावधान:** पति की दोस्ती कई प्रकार के लोगों से हो सकती है, जिन्हें कुछ कारणों से निभाना ही पड़ता है। इनमें कोई ऐसा मित्र भी हो सकता है, जो मद्यपान करता हो, आप ऐसे व्यसन करने वालों से दूर रहें। पार्टी आदि में मद्यपान करने वाले पति के मित्रों के नजदीक ना जाएं।

**गलत फायदा ना उठाने दें:** आपके मृदुभाषी और अपनेपन से पेश आने पर पति का कोई मित्र अन्यथा ना ले, इस बात का हमेशा ध्यान रखें। कभी-कभी रिजर्व नेचर रखना भी जरूरी होता है। ज्यादा करीब आने या अधिकार जताने वालों से सावधान रहें। पति के सभी मित्र एक समान नहीं होते, इसलिए इनके प्रति आपकी एक भले-बुरे इंसान की पारखी नजर जरूरी है।

हेल्थ एडवाइस / अंजू जैन

# स्ट्रेच मार्क्स अपनाएं ये घरेलू उपाय

शरीर का वजन अचानक बढ़ने या घटने से स्किन पर स्ट्रेच मार्क्स हो जाना एक सामान्य समस्या है। महिलाओं में प्रेगनेंसी के कारण पेट, पैर और कूल्हों की चर्बी अचानक बढ़ या घट जाती है, तब भी यह समस्या देखने को मिलती है। ऐसे में आप कुछ घरेलू उपाय आजमाकर इससे निजात पा सकती हैं-



- स्किन का लचीलापन बरकरार रखने और उसे भीतर से हाइड्रेशन देने के लिए पानी समुचित मात्रा में पिएं।
- स्किन को हमेशा हाइड्रेटेड और मॉयश्चराइज्ड रखें। इससे स्किन स्मूद होती है और इसकी टोनिंग हो जाती है। पेट, लोवर बैक, जांघों, पैरों और कूल्हों की चर्बी पर भी मॉयश्चराइजिंग क्रीम या लोशन लगाएं।
- हायल्यूरोनिक एसिड जैल, स्किन हाइड्रेशन के लिए बेहद उपयोगी है। इससे रोज मालिश करना फायदेमंद है।
- दिन में दो बार तेल (ऑलिव, आल्मंड, कैस्टर, कोकोनट जो आपको पसंद हो) की मालिश करना भी अच्छा उपाय है। यह नहाने के तुरंत बाद करें तो ज्यादा फायदेमंद है।
- एलोवेरा जैल को स्किन पर लगाने से भी स्ट्रेच मार्क्स से राहत मिलती है।
- अंडा, प्रोटीन का अच्छा स्रोत होता है। स्किन पर अंडे का सफेद भाग लगाने से भी स्ट्रेच मार्क्स कम होते हैं।
- कोको बटर या शिया बटर अच्छे स्किन मॉयश्चराइजर हैं। इनसे स्ट्रेच मार्क्स पर सर्कुलर मसाज करें तो अच्छा रिजल्ट मिलता है। कोको बटर लोशन को विटामिन ई ऑयल के साथ लगाकर रोज सुबह मालिश करना अधिक फायदेमंद होगा।
- सनस्क्रीन लोशन भी लगा सकती हैं।
- हमेशा स्किन की नरिशिंग करने वाले न्यूट्रिशस फूड्स लें।

गर्मी के मौसम में यंग और मिड एज की महिलाएं अकसर डल स्किन, ड्रायनेस और टैनिंग से परेशान रहती हैं। इनसे निजात पाने के साथ ग्लो बनाए रखने के लिए आप कुछ ईजी होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।

# आजमाएं होम रेमिडीज पाएं ग्लोइंग स्किन



ब्यूटी सजेशन
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में धूप के संपर्क और घर से बाहर धूल-प्रदूषण में रहने से स्किन ड्राय, बेजान और टैन हो सकती है। गर्मी में धूप और पसीने से स्किन ग्लो कम होने लगता है। इस स्थिति में केमिकल ट्रीटमेंट करवाने से कुछ इंस्टेंट फायदा तो मिल सकता है, लेकिन लंबे समय में नुकसान झेलना पड़ता है। जबकि घरेलू उपायों को आजमाने से मनचाहा रिजल्ट पाने में थोड़ा समय जरूर लगता है लेकिन इससे स्किन पर नेचुरल ग्लो आता है, वो भी किसी साइड इफेक्ट और ज्यादा पैसे खर्च किए बिना। आप इन होम रेमिडील से मनचाही ग्लोइंग स्किन प्राप्त कर सकती हैं।



- गर्मी में स्किन पर आइस क्यूब लगाना फायदेमंद होता है। इससे स्किन में अच्छी तरह से ब्लड सर्कुलेशन होता है। अगर आप किसी पार्टी या फंक्शन में जाने वाली हैं तो मेकअप से कुछ समय पहले अपने चेहरे पर आइस क्यूब से मसाज करें। इससे आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा। स्किन पर आइस क्यूब की मालिश करते समय इसमें अगर मॉयश्चराइज़र की कुछ बूंदें डाल लें तो लंबे समय तक ग्लो बना रहेगा।
- एक-दो गेंदे के फूलों को पीसकर उसमें दही, चंदन का पावडर मिलाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट लगाकर रखें। इससे चेहरे को ठंडक मिलेगी। पिंपल्स और रैशेज दूर होंगे। यह एस्ट्रिंजेंट की तरह काम करेगा और चेहरे को ऑयल फ्री रखेगा। स्किन के पोर्स भी बंद होंगे।



- शहद और दही में कुछ बूंदें रेड वाइन की मिलाएं। इसे फेस पर लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर सादे पाने से धो लें। यह स्किन को सॉफ्ट बनाएगा और उसे पूरी तरह मॉयश्चराइज भी करेगा। इससे टैनिंग दूर होगी।



- गुनगुने दूध में थोड़ा सा चोकर कुछ देर के लिए भिगो दें। अब नहाने से पहले चेहरे, गर्दन और पीठ पर इसे लगाएं। सूखने पर साफ पानी से धो लें। ऐसा रेग्युलर करने से कॉम्प्लेक्शन निखरेगा।
- ताजे-कच्चे एवोकैडो के पल्प में एलोवेरा जैल मिलाकर पैक बनाएं। चेहरे पर इसे लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। एवोकैडो में कई विटामिंस, मिनरल्स और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। इससे स्किन के एजिंग साइन भी दूर होते हैं।
- मुल्तानी मिट्टी में कई मिनरल होते हैं। इसका मास्क लगाने से स्किन के ऑयल ग्लैंड्स कंट्रोल होते हैं। इससे चेहरा ड्राय और डल नहीं दिखता।
- अगर आपकी स्किन ऑयली है तो 1 बड़ा चम्मच मूंग दाल को पानी में कुछ देर भिगोकर रखें फिर उसका पेस्ट बना लें। इसमें मैश किया हुआ टमाटर मिलाएं। चेहरे पर लगाकर इसे हल्के हाथ से चेहरे की मसाज करें। 20 मिनट के बाद चेहरा धो लें।
- खीरे और पके पपीते को मैश कर इसमें दही मिलाएं। अब इसमें नीबू का रस डालें। इस पेस्ट को लगाकर आधे घंटे बाद चेहरा धो लें।
- ड्राई स्किन के लिए रेड वाइन, एलोवेरा जैल और मिल्क पावडर से तैयार पैक को 20 मिनट चेहरे पर लगा कर रखें। फिर पानी से साफ कर लें। इससे चेहरा खिल उठेगा।

मेकअप / साधना शर्मा, ब्यूटीशियन



मैरिज फंक्शन को अगर छोड़ दें तो आमतौर पर लाइट मेकअप ही अच्छा लगता है। इसकी वजह है कि इसमें आपका नेचुरल लुक निखर उठता है। कैसे करें घर पर लाइट मेकअप, स्टेप बाई स्टेप जानिए।

# लाइट मेकअप से दें चेहरे को नेचुरल लुक

चेहरे पर खूबसूरती तभी-झलकती है, जब आपका चेहरा नेचुरल नजर आ रहा हो। कहने का मतलब है, मेकअप ऐसा होना चाहिए कि पता भी नहीं चले कि आपने मेकअप कर रखा है। मेकअप के साथ आपका फेस ग्लोइंग और नेचुरल नजर आना चाहिए। यहां बताए जा रहे स्टेप्स को फॉलो कर आप घर पर ही लाइट मेकअप कर सकती हैं।



**फेस क्लीनिंग:** सबसे पहले फेस क्लीनिंग जरूरी है। चेहरे पर चमक लाने के लिए मेकअप करने के दो घंटे पहले एलोवेरा जैल लगा लें। इससे जब आप मेकअप करेंगी तो आपके मेकअप पर एक अलग सी चमक नजर आएगी। इसके बाद अपना चेहरा फेस वॉश से धो लें और फिर एक अच्छे मॉयश्चराइजर को फेस पर इस्तेमाल करें।

**प्राइमर:** किसी भी प्रकार का मेकअप करने से पहले जरूरी होता है कि मॉयश्चराइजेशन के बाद प्राइमर लगाएं, जिससे चेहरे की त्वचा एक सार नजर आती है। इस तरह आपका बेस तैयार हो जाएगा। ऐसा करने से आपका मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहेगा।

**फाउंडेशन:** जब आप प्राइमर को पूरे चेहरे पर लगा लेती हैं तो उसके बाद नंबर आता है फाउंडेशन लगाने का। फाउंडेशन को सही तरीके से लगाना जरूरी है, नहीं तो जगह-जगह पर पैच नजर आने लगता है। फाउंडेशन हमेशा अपनी स्किन से एक टोन लाइटर लेना चाहिए। बहुत ज्यादा फाउंडेशन अपने फेस पर नहीं लगाएं।

**ब्लशर-हाइलाइटर:** फाउंडेशन को लगाने के बाद आप ब्लशर का इस्तेमाल करें। इसे लगाने से पहले ध्यान रखें कि इसमें बहुत ही हल्के रंगों का इस्तेमाल होना चाहिए। जैसे कि पीच और पिंक कलर के ब्लशर लाइट मेकअप के लिए बेस्ट होते हैं। अगर आपका मन हाइलाइटर लगाने का है तो उसे भी आपको बिल्कुल लाइट शेड में ही लगाना चाहिए, इससे आपका लुक पूरी तरह नेचुरल नजर आएगा।

**लिपस्टिक:** मेकअप में सबसे ज्यादा अट्रैक्शन होता है लिपस्टिक का। लिपस्टिक को आप अपने हिसाब से चुन सकती हैं, क्योंकि अपनी स्किन टोन के हिसाब से आपको पता होगा कि आप पर किस कलर की लिपस्टिक जंचती है? लेकिन अगर आपको नेचुरल लुक चाहिए तो आप बहुत ज्यादा ब्राइट शेड के बजाय लाइट कलर लिपस्टिक का ही इस्तेमाल करें। इससे आपका नेचुरल लुक कंप्लीट हो जाएगा।

प्रस्तुतिः मानसी

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### पहरावर मंदिर में दुर्गा मां की मूर्ति स्थापना की

**रोहतक।** जिले के गांव पहरावर में दुर्गा मां के नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध समाज सेवी और उद्योगपति एलपीएस बोसार्ड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश जैन और मेयर मनमोहन गोयल ने विशेष रूप से शिरकत की। जिनका मंदिर कमेटी पहरावर और ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। राजेश जैन ने मंदिर के अधूरे कामों को पूरा करने के लिए विशेष आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

### हिंदी सत्याग्रही जसवंत आर्य की मनाई जयंती

**रोहतक।** आर्यसमाज बोहर में स्वामी नित्यानंद महाराज एवं हिंदी सत्याग्रही जसवंत सिंह आर्य की 138 वीं जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ यज्ञ द्वारा किया गया। यज्ञ ब्रह्मा यशदेव आर्य रहे व मनजीत नांदल, डॉ. अनिल, राम सिंह नांदल एवं आर्य श्याम सिंह नांदल सपरिवार यजमान रहे। संचालन आर्य समाज बोहर के युवा प्रवक्ता कृष्णदेव शास्त्री ने किया।

### हिंदू कॉलेज के संस्थापक की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**रोहतक।** हिंदू कॉलेज के संस्थापक सुंदर सिंह सहगल की 25 वीं पुण्यतिथि पर उनके पौत्र सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल ,उनके परिवार के सदस्यों और कॉलेज स्टाफ ने कॉलेज में लगाई गई उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी। सुंदर सिंह सहगल का जन्म 10 अगस्त 1920 को हुआ था और 15 अप्रैल 1999 को उनका देहांत हो गया। वे हिंदू कॉलेज के संस्थापक थे। उन्होंने कॉलेज को खून- पसीने से मेहनत कर इस मुकाम पर पहुंचाया। उनके पौत्र राजू सहगल ने बताया कि वह अपने दादा के दिखाए हुए रास्ते पर चल रहे हैं।

# मेजबान हरियाणा ने 76 पदक जीते, 189 थे दांव पर

## राजीव गांधी खेल परिसर में टेलैंट हंट बॉक्सिंग का समापन

पांच दिन तक खेले गए यूथ ब्यॉज, एलाइट मैन, यूथ गर्ल्ज और एलाइट महिला बॉक्सिंग के मुकाबले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा के मुक्कों में पूरा दमखम है। इसका ताजा उदाहरण राजीव गांधी खेल परिसर स्थित राष्ट्रीय बॉक्सिंग अकादमी में करवाई गई मुक्केबाजी प्रतियोगिता है। स्पर्धा में कुल 189 पदक दाव पर थे। इनमें से अकेले मेजबान हरियाणा ने 76 पदक जीते। इनमें 25 स्वर्ण, 21 सिल्वर और 30 रजत पदक शामिल हैं। टेलैंट हंट स्पर्धा चार वर्गों में करवाई गई थी। यूथ ब्यॉज, एलाइट मैन, यूथ गर्ल्ज और एलाइट महिला बॉक्सिंग के मुकाबले पांच दिन तक खेले गए। इस दौरान जब हरियाणा के मुक्केबाज रिंग में उतरते तो विरोधी खिलाड़ी के पसीने वैसे ही छूट जाते। जब खिलाड़ी पर धड़ाधड़ हरियाणवी पंच पड़ते तो वह संभल नहीं पाता था।



### यूथ गर्ल्ज परिणाम

| भारवर्ग | मेडल | नाम | राज्य |
|---|---|---|---|
| 46-48 | गोल्ड | माही | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | डिम्पल | हरियाणा |
| —— | कांस्य | लक्ष्मी | एमपी |
| —— | कांस्य | जारहवी | महाराष्ट्र |
| 48-50 | गोल्ड | डानडा | महाराष्ट्र |
| —— | सिल्वर | रिम्पी | आसाम |
| —— | कांस्य | आर एवेनजीलईन | केरल |
| —— | कांस्य | प्ररेणा | महाराष्ट्र |
| 52-54 | गोल्ड | यात्री पटेल | गुजरात |
| —— | सिल्वर | बबीता सिंह | यूपी |
| —— | कांस्य | रितिका | दिल्ली |
| —— | कांस्य | योगिनी | महाराष्ट्र |
| 54-57 | गोल्ड | वीशू राठी | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | अंजलि | हरियाणा |
| —— | कांस्य | दीपिका | हरियाणा |
| —— | कांस्य | सान्या | चंडीगढ़ |
| 57-60 | गोल्ड | कनिष्का | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | इंडिकाथियाम | मणिपुर |
| —— | कांस्य | रितिका | झारखंड |
| —— | कांस्य | हिमांशी | हरियाणा |
| 60-63 | गोल्ड | अंकुर | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | श्रुति साठे | महाराष्ट्र |
| —— | कांस्य | माही राघव | हरियाणा |
| 63-66 | गोल्ड | संजना | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | हर्षिका | यूपी |
| —— | कांस्य | लेना | केरल |
| —— | कांस्य | कनिका | हरियाणा |
| 66-70 | गोल्ड | चंचल | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | खुशी | हरियाणा |
| —— | कांस्य | अमूल्या | केरल |
| 70-75 | गोल्ड | रजनी | दिल्ली |
| —— | सिल्वर | शार्वी सेठी | केरल |
| —— | कांस्य | मुस्कान | हरियाणा |
| —— | कांस्य | दीक्षा | दिल्ली |
| 75-81 | गोल्ड | सिमरण | पंजाब |
| —— | सिल्वर | नैना | हरियाणा |
| —— | कांस्य | मौसम | बिहार |
| 81-81 प्लस | गोल्ड | प्रियंका | चंडीगढ़ |
| —— | गोल्ड | रिया | महाराष्ट्र |
| —— | कांस्य | लक्ष्मी | तमिलनाडू |
| —— | कांस्य | प्रियाल | राजस्थान |

### एलाइट मैन

| भारवर्ग | मेडल | खिलाड़ी | राज्य |
|---|---|---|---|
| 46-48 | गोल्ड | हिमांशु | पंजाब |
| —— | सिल्वर | बहादुर सिंह | उत्तराखंड |
| —— | कांस्य | बिसरोंग | मणिपुर |
| —— | कांस्य | हरी सांगो | अरूणाचल |
| 48-50- | गोल्ड | चिंगलेम्बा | मणिपुर |
| —— | सिल्वर | अंशुल | हरियाणा |
| —— | कांस्य | अक्षय | महाराष्ट्र |
| —— | कांस्य | राहुल | महाराष्ट्र |
| 51-54 | गोल्ड | एम रणबीर | महाराष्ट्र |
| —— | सिल्वर | आर | महाराष्ट्र |
| —— | कांस्य | लेश्राम | मणिपुर |
| —— | कांस्य | एके रोशन | गोवा |
| 54-57 | गोल्ड | चिराग | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | लक्ष्यवीर | हरियाणा |
| —— | कांस्य | सुमित | हरियाणा |
| —— | कांस्य | विशाल | दिल्ली |
| 57-60 | गोल्ड | अतुल | दिल्ली |
| —— | सिल्वर | पी मैब्राजीत | मणिपुर |
| —— | कांस्य | यश राजू | महाराष्ट्र |
| —— | कांस्य | विशाल | हरियाणा |
| 60-63 | गोल्ड | अक्षय कुमार | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | प्रभु | एमपी |
| —— | कांस्य | सचिन | हरियाणा |
| —— | कांस्य | जयवर्धन | राजस्थान |
| 63-67 | गोल्ड | दलवीर | यूपी |
| —— | सिल्वर | माणिक | महाराष्ट्र |
| —— | कांस्य | भूपेश राहुल | दिल्ली |
| —— | कांस्य | सुमित | महाराष्ट्र |
| 67-71 | गोल्ड | विश्वास | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | विवेक | हरियाणा |
| —— | कांस्य | लैथिन डोंडी | मणिपुर |
| —— | कांस्य | हितेश | हरियाणा |
| 71-75 | गोल्ड | सचिन | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | अंकित | हरियाणा |
| —— | कांस्य | नीरज सिंह | महाराष्ट्र |
| —— | कांस्य | अमन सिंह | हरियाणा |
| 75-80 | गोल्ड | मोहित | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | रॉकी | यूपी |
| —— | कांस्य | दीपक | पंजाब |
| —— | कांस्य | राहुल | हरियाणा |
| 80-86 | गोल्ड | सुमित | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | सतेंद्र | महाराष्ट्र |
| —— | कांस्य | सुमित | राजस्थान |
| —— | कांस्य | सौरव | हरियाणा |
| 92-92प्लस | गोल्ड | मंजीत | महाराष्ट्र |
| —— | सिल्वर | नीरज | हरियाणा |
| —— | कांस्य | मोनू | एमपी |
| —— | कांस्य | हर्ष कुमार | हरियाणा |

### एलाइट वुमैन

| भारवर्ग | मेडल | नाम | राज्य |
|---|---|---|---|
| 46-48 | गोल्ड | शालू | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | सिमरण | हरियाणा |
| —— | कांस्य | हिमांशी | हरियाणा |
| —— | कांस्य | नितिका | हरियाणा |
| 48-50 | गोल्ड | ईटी चानू | मणिपुर |
| —— | सिल्वर | दीपांजलि | आसाम |
| —— | कांस्य | खुशी दीपक | महाराष्ट्र |
| —— | कांस्य | खुशी प्रदेशी | महाराष्ट्र |
| 50-52 | गोल्ड | सविता | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | कुसुम | यूपी |
| —— | कांस्य | नीलम | उत्तराखंड |
| —— | कांस्य | आरती | हरियाणा |
| 52-54 | गोल्ड | ज्योति | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | एम चानू | मणिपुर |
| —— | कांस्य | आइस प्रजाजापपी | यूपी |
| —— | कांस्य | प्रीति ढांडा | हरियाणा |
| 54-57 | गोल्ड | हेतल दामा | गुजरात |
| —— | सिल्वर | मंजू | आसाम |
| —— | कांस्य | टी परमेश्वरी | मणिपुर |
| —— | कांस्य | आभा सिंह | छतीसगढ़ |
| 57-60 | गोल्ड | विनका | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | सोवी जाजो | मणिपुर |
| —— | कांस्य | शिवानी | दिल्ली |
| —— | कांस्य | कमलजीत कौर | पंजाब |
| 60-63 | गोल्ड | वैष्णवी | महाराष्ट्र |
| —— | सिल्वर | सरिता सिंह | एमपी |
| —— | कांस्य | प्रीति | महाराष्ट्र |
| —— | कांस्य | बिंदिया देवी | मणिपुर |
| 63-66 | गोल्ड | शिवानी | दिल्ली |
| —— | सिल्वर | टीए देवी | मणिपुर |
| —— | कांस्य | मेलोडी | मणिपुर |
| —— | कांस्य | सविता | दिल्ली |
| 66-70 | गोल्ड | अमिता | दिल्ली |
| —— | सिल्वर | प्रतिभा | हरियाणा |
| —— | कांस्य | आस्था | यूपी |
| —— | कांस्य | शिवानी | झारखंड |
| 70-75 | गोल्ड | इंद्रा के | केरल |
| —— | सिल्वर | मोनिका | हरियाणा |
| —— | ब्रांज | दिव्या | हरियाणा |
| —— | ब्रांज | स्नेह | हरियाणा |
| 75-81 | गोल्ड | मैनू | मेघालय |
| —— | सिल्वर | नेहा | हरियाणा |
| —— | कांस्य | रितू | हरियाणा |
| —— | कांस्य | नीलम | हरियाणा |
| 81-81प्लस | गोल्ड | सतविदा | आंध्र प्रदेश |
| —— | सिल्वर | आरती | महाराष्ट्र |
| —— | कांस्य | ज्योति कंवर | राजस्थान |
| —— | कांस्य | कोमल | हरियाणा |

### यूथ ब्यॉज परिणाम

| भारवर्ग | मेडल | खिलाड़ी का नाम | राज्य |
|---|---|---|---|
| 46-48 | गोल्ड | प्रथमेश | महाराष्ट्र |
| —— | सिल्वर | आनंद कुमार | झारखंड |
| —— | कांस्य | शौर्या | दिल्ली |
| —— | कांस्य | एके कीरथवासन | तमिलनाडू |
| 48-51 | गोल्ड | प्रिंस कुमार | दिल्ली |
| —— | सिल्वर | तनिश | महाराष्ट्र |
| —— | कांस्य | राजन | हरियाणा |
| —— | कांस्य | मोहित | यूपी |
| 51-54 | गोल्ड | विश्वास | उत्तराखंड |
| —— | सिल्वर | प्रतीक | हरियाणा |
| —— | कांस्य | आयुष कुमार | यूपी |
| —— | कांस्य | हिमांशु सोलंकी | एमपी |
| 54-57 | गोल्ड | सागर | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | आर्यन | हरियाणा |
| —— | कांस्य | पीयूष तोमर | यूपी |
| —— | कांस्य | विवेक सांगवान | दिल्ली |
| 57-60 | गोल्ड | निखिल | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | अभिनव तोमर | यूपी |
| —— | कांस्य | गौरवराज | राजस्थान |
| —— | कांस्य | मोहित | हरियाणा |
| 60-63 | गोल्ड | अंशुल | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | जुनैद | आसाम |
| —— | कांस्य | यश कुमार | यूपी |
| —— | कांस्य | ओमकार | महाराष्ट्र |
| 63-67 | गोल्ड | कबिराज सिंह | मणिपुर |
| —— | सिल्वर | ध्रुव प्रसाद | हरियाणा |
| —— | कांस्य | अविक मुखर्जी | महाराष्ट्र |
| —— | कांस्य | सौरव | हरियाणा |
| 67-71 | गोल्ड | हिमांशु | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | युवराज यादव | आसाम |
| —— | कांस्य | जतन सिंह | हरियाणा |
| —— | कांस्य | योवराज | हरियाणा |
| 71-75 | गोल्ड | रोनक छिकारा | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | प्रिंस | हरियाणा |
| —— | कांस्य | नितिन पंघाल | हरियाणा |
| —— | कांस्य | रोहित कुमार | हरियाणा |
| 75-80 | गोल्ड | अभिषेक | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | निखिल | हरियाणा |
| —— | कांस्य | निरबन ज्योति | आसाम |
| —— | कांस्य | ओम जतिन | महाराष्ट्र |
| 80-86 | गोल्ड | मयूर | राजस्थान |
| —— | सिल्वर | अरमिंद्र सिंह | राजस्थान |
| —— | कांस्य | आशीष प्रताप | यूपी |
| —— | कांस्य | ओमभारत | महाराष्ट्र |
| 86-92 | गोल्ड | रितिक | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | ऋषि | तमिलनाडू |
| —— | कांस्य | आकाश | आसाम |
| —— | कांस्य | शंखदीप | बंगाल |
| 92-92 प्लस | गोल्ड | मनीष | हरियाणा |
| —— | सिल्वर | वंश | हरियाणा |
| —— | कांस्य | दक्ष | हरियाणा |
| —— | कांस्य | निलिकांत | महाराष्ट्र |

## न्यू बैंक स्टाफ वेलफेयर सोसायटी ने किया परिवार मिलन समारोह



रोहतक। परिवार मिलन समारोह में मौजूद सोसाइटी के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

न्यू बस स्टैंड के पास स्थित न्यू बैंक परिवार ने मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह की अध्यक्षता नरेन्द्र कुमार तेरही ने की। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचने वाले सभी सदस्यों का स्वागत किया। पिछले 37 वर्ष से चल रही न्यू बैंक स्टाफ वेलफेयर सोसायटी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह अपनी तरह की यूनिक वेलफेयर सोसायटी है, जिसमें मात्र 25 रुपये महीना लिया जाता है और सेवानिवृत्त होने पर 500 रुपये की पांच वर्ष तक पेंशन दी जाती है। अगर किसी साथी की सेवानिवृत्त होने से पहले मृत्यु हो जाती है तो भी नामांकित सदस्य को 10000 रुपये और पांच वर्ष तक 500 रुपये पेंशन दी जाती है।

कार्यक्रम में न्यू बैंक परिवार देहली के संयोजक सदस्यों श्रीचंद मित्तल, अशोक गुप्ता, विजय गुप्ता, पीके कोहली भी समारोह में पहुंचे।

बैठक के संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने बैंक की बीमा योजना की विस्तार से चर्चा की और कहा कि उम्र के इस पड़ाव में हमें स्वास्थ्य बीमा अवश्य कराना चाहिए और शरीर कि नियमित जांच भी करवानी चाहिए जो कि निशुल्क की जाती है। संयोजक नरेश चन्द्र मित्तल ने सभी सदस्यों का परिवार मिलन समारोह में पहुंचने के लिए धन्यवाद किया और कहा कि भविष्य में भी इसी तरह अपना साथ देंगे।

## 72 घंटे में गेहूं व सरसों की खरीद-उठान और भुगतान करे सरकार

**रोहतक।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांफेड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने सोमवार को अनाज मंडी में व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण किसानों का लाखों क्विंटल गेहूं व सरसों मंडियों में खुले में पड़ी है। प्रदेश में हल्की बारिश व मौसम खराब होने के कारण किसानों को गेहूं व सरसों खराब होने का डर सता रहा है आगे भी मौसम विभाग द्वारा हरियाणा में बारिश दिखा रहा है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को 72 घंटे में गेहूं व सरसों खरीद, उठान व भुगतान के सभी दावे फेल सिद्ध हुए हैं, जबकि कई दिनों तक अनाज खरीद का उठान मंडियों से होता नहीं है। सरकार द्वारा सरसों की सरकारी खरीद ना करने के कारण किसानों को अपनी सरसों 600 से 1000 रुपए प्रति क्विंटल तक कम बेचनी पड़ रही है। सरकार की गलत नीतियों के कारण आढ़ती व किसान बर्बादी के कगार पर है। सरकार ने सरकारी गेहूं खरीद पर आढ़तियों की 10.99 रुपए व धान पर 9.19 रुपए आढ़त कम कर दी है। इसी प्रकार सरसों, नरमा, सूरजमुखी, बाजार, मूंग भी सरकार आढ़तियों की बजाए सीधे सरकारी खरीद कर रही है।

## दा आर्यन ग्लोबल विद्यालय करौंथा में मनाया बैसाखी का पर्व

**रोहतक।** दा आर्यन ग्लोबल विद्यालय करौंथा में बैसाखी का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। बच्चों ने नृत्य और लघु नाटिका के माध्यम से रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अनेक विद्यार्थियों ने शानदार भाषण प्रस्तुत किए। फसल पकने की खुशी में किसान इस दिन झूम उठते हैं। सिख समाज इस दिन को नव वर्ष के रूप में मनाते हैं। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य आरके खन्ना ने सभी को बधाई दी व छात्रों को बैसाखी पर्व से परिचित करवाते हुए बताया कि इस दिन 13 अप्रैल 1699 को सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी।




## शहीद महावीर कमांडो को दी श्रद्धांजलि



**रोहतक।** शिवाजी कॉलोनी में शहीद महावीर वर्मा कमांडो की प्रतिमा पर लोगों ने फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शहीद का जन्मदिन मनाया। महावीर वर्मा नेवी में पेटी अफसर कमांडो के पद पर सेवा करते हुए सन 1999 में कारगिल युद्ध में शहीद हुए थे। इनका जन्म 14 अप्रैल 1968 को गांव जसराना में नत्थू राम वर्मा के घर हुआ। वे 1987 में भारतीय नौ सेना में भर्ती हुए। उन्होंने अपनी शिक्षा रोहतक कमला नगर में रहते हुए की और भारत द्वारा श्रीलंका में भेजी गई शांति सेना में जाकर उन्होंने अपनी सेवा भारत की ओर से की। इस मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सूरजमल किलोई, सामाजिक कार्यकर्ता जसबीर कुमार, बनारसी दास कपूर , हरिचन्द, राजेन्द्र कुमार, कार्तिक किलोई, बाबू लाल, मदन लाल, सुरेश, राज कुमार, सत्य प्रकाश, रामफल अन्य उपस्थित रहे।

## बलियाना में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई

**रोहतक।** गांव बालियाना में माकपा द्वारा डॉ भीमराव अम्बेड़कर जयंती धूमधाम से मनाई गई। किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने लोगों को आगाह किया कि अंबेडकर के नेतृत्व में बनाए गए स्वतंत्र भारत के संविधान को बदलने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है। देश के किसान मजदूरों को संकल्प लेकर गुलामी थोपने के इस षडयंत्र को विफल करना होगा। आजादी के आंदोलन में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने समाज सुधार का विरोध किया था और लोगों में सांप्रदायिक आधार पर फूट डालते हुए अंग्रेजी साम्राज्य का ही साथ दिया था।

## पीएनबी ने स्थापना दिवस पर लगाया चिकित्सा शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंजाब नेशनल बैंक के 130वां स्थापना दिवस के अवसर पर मंडल कार्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसकी का शुभारंभ मंडल प्रमुख महेश वाधवा ने केक काटकर किया। इसके बाद मंडल कार्यालय के प्रांगण में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस शिविर में पोसिट्रॉन हॉस्पिटल से आए डॉ. बिजेंद्र सिंह, डॉ. मनोज शौकीन ने जांच की। जांच शिवर में बैंक कर्मियों, सेवानिवर्ति सदस्यों और आम जन की जांच की गई। अच्छे स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया गया। इसके पश्चात मंडल कार्यालय द्वारा भंडारा का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने भोजन किया। मंडल कार्यालयों के सौजन्य से दो प्राथमिक विद्यालयों में सीएसआर के माध्यम से पंखे और बच्चों को स्टेशनरी भी बटवाएं गए।

## आईसीटी फॉर क्वालिटी टीचिंग एंड लर्निंग पर व्याख्यान

# गुणवत्तापरक शिक्षा में चुनौतियों पर रखे विचार

- पाठ्यक्रम के निर्माण में आईसीटी की भूमिका पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के श्री बाबा मस्तनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ एज्युकेशनल ट्रेनिंग एंड रिसर्च द्वारा आईसीटी फॉर क्वालिटी टीचिंग एंड लर्निंग' विषय पर प्रसार-व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस प्रसार व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता प्रोजेक्ट डायरेक्टर ऑफ यूनीसेफ प्रोजेक्ट ऑन टीचर एजुकेशन प्रोफेसर (डॉ) एमसी शर्मा ने शिरकत की। प्रो. शर्मा ने अपने वक्तव्य में गुणवत्ता परक शिक्षा के मार्ग में आने वाली चुनौतियों के विषय में जानकारी देते हुए समाधान के उपाय भी बताए। उन्होंने बताया कि शिक्षा की



रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रोजेक्ट डायरेक्टर ऑफ यूनीसेफ प्रोजेक्ट ऑन टीचर एजुकेशन प्रोफेसर (डॉ) एमसी शर्मा ।

यात्रा जो ब्लैक बोर्ड और चाक से प्रारंभ हुई थी वह अब आईसीटी के सहयोग से आधुनिक रूप ले रही है। उन्होंने 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड के पाठ्यक्रम के निर्माण में भी आईसीटी की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बहुत ही सरल शब्दों में विस्तार पूर्वक इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एचएल वर्मा ने कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि वैश्वीकरण के युग में आईसीटी की मदद से ही विश्व के सभी देश एक दूसरे के साथ ज्ञान-विज्ञान का आदान-प्रदान कर आपसी संबंधों को मजबूती दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमें एनईपी 2020 के अनुसार अपनी शिक्षा व्यवस्था में आवश्यकता अनुसार परिवर्तन भी करने चाहिए। जिससे समस्त भारतवासियों का कल्याण हो और देश विकास की दिशा में आगे बढ़े। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रमिला मलिक ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। मंच संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर रीतू रानी ने किया। इस मौके पर डॉ. सुभाष गक्खड़, डॉ. अनिल कनवा, डॉ. सुधीर मलिक, डॉ. एसके वर्मा, डॉ. मधु अहलावत, डॉ. पवन, डॉ. अभिषेक, डॉ. अर्चना शर्मा, डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. शुचिता, डॉ. संगीता आदि उपस्थित रहे।

## मां कालरात्रि भक्तों को सदैव शुभ फल प्रदान करती है: मानेश्वरी देवी

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में चैत्र नवरात्र महोत्सव में सोमवार को मां जगदंबे के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना श्रद्धा और उत्साह से की। भक्तों ने जय माता दी, बोल शेरावाली मां की जय का गुणगान करते हुए अखंड ज्योत के दर्शन किए और सुख समृद्धि, सुख शांति और अरदास करके मनोकामनाएं मांगी। कार्यक्रम में दुर्गा स्तुति पाठ, अखंड ज्योत के दर्शन, गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी ने प्रवचन और प्रसाद वितरित हुआ। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी। साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि मां दुर्गा के कालरात्रि का स्वरूप अत्यंत भयानक है, मगर वह सदैव अपने भक्तों को शुभ फल प्रदान करती हैं। इनका स्मरण करने से दानव, भूत-प्रेत, राक्षस, दैत्य आदि डरकर भाग जाते हैं। उन्होंने कहा कि आप जिन भगवान की पूजा करते हैं, वे भगवान प्रेम के भूखे हैं।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

AKASH DEEP SCHOOL
REQUIRED
PRIMARY TEACHERS (NUR. to 2nd Class)
PRIMARY INCHARGE
CLERK
Interested Candidates may contact at 9996646543 or send their resume at mkpalarwal76@gmail.com
Vpo. Bhali Anandpur, Rohtak

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR (F) 4
COMPUTER OPERATOR (M) 4
PHARMACY STAFF 3
CHEMIST SHOP STAFF 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE

BHGYASHREE Bollywood Actors
DR. KAWATRA M. 9215161430
निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

CUET
ENGLISH | GENERAL TEST | DOMAN SUBJECTS
Join ENTRANCE PREPARATION
CLAT IPMAT DESIGN
BBA BCA LIBERAL
BJMC HOTEL MANAGMENT BA. B.ED
2 YEAR PROGRAM 1 YEAR PROGRAM
CRASH COURSE TEST SERIES
Get SCHOLARSHIP upto 50%
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak 9215598698

## खबर संक्षेप



रोहतक। मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान चौपाल में ग्रामीणों के साथ राजकीय महाविद्यालय सांपला डॉ. दीपक लठवाल। फोटो: हरिभूमि

### सांपला में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**रोहतक।** राजकीय महाविद्यालय सांपला में स्वीप एक्टिविटि के अंतर्गत खेड़ी सांपला में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस जागरूकता अभियान में कॉलेज के युवा वोटर डॉ. दीपक लठवाल की अगुवाई में गांव में पहुंचे और वहां चौपाल में मौजूद सभी बुजुर्गों और साथियों से अपील की कि वे 25 मई को मतदान के पर्व में हिस्सा ले।

### साइकिल रैली निकाली जाएगी आज : एडीसी

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त और स्वीप अभियान की नोडल अधिकारी वैशाली सिंह ने बताया कि मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 16 अप्रैल को सुबह 6:30 बजे पुलिस लाइन से साइकिल रैली निकाली जाएगी। पेडल फॉर पार्टिसिपेटिव इलेक्शंस शीर्षक की इस साइकिल रैली को उपायुक्त अजय कुमार हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।



रोहतक। धरना देते हुए रोडवेज कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### रोडवेज डिपो में 6वें दिन भी प्रदर्शन रहा जारी

**रोहतक।** रोडवेज डिपो के कर्मचारियों द्वारा परिसर में पिछले 6 दिनों से लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। यह प्रदर्शन संवैधानिक ढंग से तब तक चलते रहेगा जब तक पीड़ित कर्मचारियों को न्याय नहीं मिल जाता। यूनियन नेताओं ने कहा कि रोडवेज के अधिकारी कर्मचारियों की समस्याएं सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। संगठन बार बार लगातार कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों को उठा रहा है लेकिन अधिकारी पहल नहीं कर रहे।

# गर्मी बढ़ने के कारण चार दिन में 10 लाख यूनिट खपत बढ़ी

## निगम कार्यालय में हर रोज आ रही बिजली से संबंधित शिकायतें

नीरज वर्मा ▸▸| रोहतक



इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। इस मौसम में लोगों को पर्याप्त मात्रा में बिजली आपूर्ति मिलती रहे, इसके लिए बिजली निगम भी लगातार अपने सिस्टम को दुरुस्त कर रहा है। सोमवार को भी दिनभर बिजली कर्मचारी फाल्ट दूर करने व मरम्मत कार्य में लगे रहे। बिजली कट बढ़ने से आमजन भी परेशान हैं। वोल्टेज में ज्यादा उतार-चढ़ाव आने पर कई लोगों के उपकरण खराब हो गए। दरअसल, बिजली निगम द्वारा मेंटेनेंस कार्य किया जाना था। इसके लिए सुबह दस बजे से लेकर दो बजे तक का बिजली कट घोषित किया गया था। मेंटेनेंस कार्य के चलते लगभग डेढ़ घंटे तक बड़ा बाजार, रामगोपाल कॉलोनी, सेक्टर-1 आदि में आपूर्ति प्रभावित रही। उधर, सबडिवीजन-2 इलाके में भी करीब तीन घंटे का कट रहा। इस वजह से पुरानी आईटीआई, देव कॉलोनी, डी-पार्क आदि में आपूर्ति प्रभावित रही। काम पूरा होने के बाद सप्लाई सामान्य हो पाई। सुबह के वक्त बिजली न होने के कारण इन कॉलोनियों के लोगों के कामकाज प्रभावित रहे। वहीं, बिजली निगम के अधिकारियों का कहना है कि पिछले कई दिनों में गर्मी ज्यादा होने के कारण करीब 10 लाख यूनिट की खपत बढ़ गई है। साथ बिजली निगम कार्यालय में शिकायतों का भी अंबार लगा है।

### बढ़ी बिजली की डिमांड

पिछले चार दिनों से गर्मी चरम पर है। जिसके चलते बिजली की खपत बढ़ गई है। गत 12 अप्रैल को 56.63 लाख यूनिट खर्च हुई थी। 13 को यह यूनिट 57.14 लाख तक पहुंची और 14 अप्रैल को 50.53 लाख यूनिट खर्च हुई। वहीं 15 अप्रैल को 58 लाख 43 हजार यूनिट की खपत बढ़ गई है। हालांकि निगम को पर्याप्त बिजली मिल रही हैं। निगम की ओर से अभी तक किसी भी एरिया में बिजली के कोई कट नहीं लगाए जा रहे। बिजली लाइनों में फाल्ट या लाइनें ट्रिपिंग होने से लाइटें कुछ देर के लिए जरूर बाधित हो रही हैं लेकिन कोई स्थाई कट निगम इस समय नहीं लगा रहा है।

बिजली वितरण निगम के कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां शिकायतों की संख्या 150 पार हो गई है। निगम के कंट्रोल रूम के अनुसार हर रोज 150 से ज्यादा शिकायतें विभिन्न एरिया से आ रही हैं। संबंधित शिकायतों को विभाग के संबंधित एरिया के पास भेज दिया जाता है और उसके कर्मचारी शिकायतों का तुरंत निपटारा करने का काम कर रहे हैं।

### बिजली का सदुपयोग करें : एसडीओ

एसडीओ-3 ने बताया कि उपभोक्ताओं की सेवा के लिए निगम प्रतिबद्ध है। लोगों को पर्याप्त बिजली आपूर्ति मिलती रहे, इसके लिए निगम प्रयास कर रहा है। एसडीओ-1 ने बताया कि गर्मी में लोड बढ़ने के कारण फाल्ट बढ़ जाते हैं। दिन हो या रात, कर्मचारी शिकायत मिलते ही फाल्ट दूर करने के लिए दौड़ पड़ते हैं। आमजन से अपील है कि बिजली का सदुपयोग करें।

### गर्मी बढ़ने से बढ़े फाल्ट

गर्मी बढ़ने से फाल्ट भी बढ़ गए हैं। बीते दो दिनों से तो शहर की कई कॉलोनियों में बिजली संकट गहराया हुआ है। विकास नगर में रविवार की रात भी हालात खराब रहे। कॉलोनी की काफी गलियों में रात दस बजे बिजली चली गई थी। सबह 11 बजे तक नहीं आ पाई थी। बिजली निगम के कर्मचारी फाल्ट दूर करने में लगे थे। उधर, बाबरा मोहल्ला में यही हालात रहे। बिजली की वोल्टेज में अचानक उतार-चढ़ाव आने से कई लोगों के उपकरण भी खराब हो गए। कई बार उपकरण जलने का खतरा भी बना रहता है।



रोहतक। अधिकारी व जवानों को सम्मानित करते हुए एसपी लोगेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

# एसपी ने 66 अधिकारियों जवानों को किया सम्मानित



रोहतक। पुलिस अधिकारियों-जवानों को दिशा-निर्देश देते हुए एसपी हिमांशु गर्ग।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

पुलिस लाइन में सोमवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। एसपी हिमांशु गर्ग ने परेड की सलामी ली तथा पुलिस अधिकारियों-जवानों को दिशा-निर्देश जारी किए।

एएसपी लोगेश कुमार, डीएसपी विवेक कुंडू, उप पुलिस अधीक्षक महम संदीप, उप पुलिस अधीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। परेड में जिला के सभी प्रभारी थाना-चौकी, पुलिस कार्यालय ऑफिस व जिला में तैनात सभी जवानों ने हिस्सा लिया।एसपी हिमांशु गर्ग ने पुलिस अधिकारियों-जवानों को कहा कि जिला में दर्ज मामलों में फरार चल अति वांछित अपराधी, उदघोषित अपराधी, पीओ-बेल जम्पर को जल्द गिरफ्तार करें। कानून व्यवस्था की विकट परिस्थिति से निपटने के लिए लॉ एंड आर्डर कंपनी को पुलिस लाइन में अभ्यास कराया गया। अभ्यास के दौरान जवानों को कानून व्यवस्था स्थिति के दौरान दंगा निरोधक उपकरण चलाने बारे जानकारी दी गई।

एसपी ने कहा कि जिला में तैनात सभी पुलिस अधिकारी-कर्मचारी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी करें। परेड के दौरान सराहनीय कार्य करने वालों व वारदातों को जल्द हल करने वाले 66 अधिकारी-जवानों को 47 हजार रुपये का नगद इनाम व प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया है।

# भवन निर्माण मजदूरों ने मजदूर पर हमला करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

- गोरखनाथ कॉलोनी में मकान मालिक ने बकाया राशि मांगने पर की वारदात



रोहतक। सोमवार को मीटिंग को सम्बोधित करते हुए सीटू नेता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

गोरखनाथ कॉलोनी में मकान मालिक द्वारा बकाया राशि मांगने पर राजमिस्त्री कपिल देव पर हमला कर दिया गया। भवन निर्माण कामगार यूनियन(सीटू) ने कड़ी निंदा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की।

मीटिंग की अध्यक्षता रोहतक ब्लॉक प्रधान संजीव सिंह ने की। उन्होंने बताया कि राजमिस्त्री कपिल देव एवं कई मजदूर एक मकान में निर्माण का कार्य कर रहे थे। जब राजमिस्त्री ने बकाया राशि मकान मालिक से मांगी तो उसने कहा कि पैसे नहीं दूंगा पहले काम पूरा करो। तब उन्होंने वहां कार्यरत मिस्त्री-मजदूरों ने कहा कि हमारे रुपये का भुगतान कर दो तो मकान मालिक ने राजमिस्त्री पर ईंट उठाकर मारी और जान से मारने की धमकी दी। इस गुंडागर्दी के खिलाफ जब पीड़ित राजमिस्त्री कपिल देव और भवन निर्माण कामगार यूनियन के पदाधिकारी मकान मालिक की गुंडागर्दी की शिकायत देने पहुंचे तो पुलिस ने कार्रवाई करने की बजाए आपसी समझौता करने की बात कही। पुलिस के इस रवैये से नाराज होकर सीटू की ब्लॉक कमेटी की आमसभा हुई। यूनियन ने गुंडागर्दी करने वाले मकान मालिक की 24 घंटे में गिरफ्तारी की मांग करते हुए निर्णय लिया कि अगर कल शाम तक कार्यवाही नहीं हुई तो वे शाम को एसपी कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन कर इंसाफ की गुहार लगाएंगे। मीटिंग में सीटू के जिला सचिव कामरेड विनोद, यूनियन के रोहतक ब्लॉक सचिव शैलेंद्र, कोषाध्यक्ष धर्मदास, सह सचिव श्याम सुंदर मायना, मुख्य सलाहकार एडवोकेट अतर सिंह हुड्डा, श्रवण, किशोर, जसवंत गुढाण आदि मौजूद रहे।



### पंडित भगवत दयाल शर्मा स्मारक स्थल पर 31 पेड़-पौधे लगाए

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्मारक स्थल पीजीआईएमएस में श्रीमद् शंकरा स्वामी विश्वदेवानंद धर्मार्थ ट्रस्ट एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने 31 पेड़- पौधे लगाकर भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। इसमें मुख्यअतिथि के तौर पर रेडक्रास सचिव देवेन्द्र चहल एवं हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एसोसिएसन के राज्य प्रधान डॉ अनिल मेहरा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ गोपाल कृष्ण आजाद ने की। कार्यक्रम संयोजक स्वास्थ्य विभाग के पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी डॉ दिनेश शर्मा ने बताया कि अगर हम संकल्प के रूप में पौधारोपण करने की ठान लें तो पर्यावरण स्वच्छ किया जा सकता है। कार्यक्रम मुख्य सहयोगी समाजसेवी अश्वनी वशिष्ठ ने पौधारोपण करते हुए कहां कि हम यह संकल्प लें कि हमारे घर में कोई भी मांगलिक कार्य हो तो उस दिन हम वृक्ष लगाकर उसे यादगार बना सकते हैं। कार्यक्रम सह-संयोजक पूर्व नौसेना अधिकारी जगत सिंह गिल एवं शिक्षाविद राजेन्द्र शर्मा ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने एवं ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण की अपील की।

# डीसी व एसपी ने किया नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



रोहतक। विभिन्न नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त अजय कुमार व पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त अजय कुमार व पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने जिले में स्थित विभिन्न नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने नशा मुक्ति केंद्र में दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने उपचाराधीन मरीजों से बातचीत की। उनसे जानने का प्रयास किया गया कि किस प्रकार से वे नशे की गिरफ्त में आए हैं। नशा मुक्ति केंद्रों के रिकॉर्ड की भी जांच की गई। यह भी देखा गया कि स्टाफ नॉर्म के मुताबिक है या नहीं। इसके अलावा ढांचागत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने नशा मुक्ति केंद्र संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।

उपायुक्त अजय कुमार व जिला पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग दौरे के दौरान पीजीआइएमएस रोहतक के नशा मुक्ति केंद्र पहुंचे। इसके उपरांत उन्होंने जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने आईजी कार्यालय के समीप संघ समाज कल्याण समिति द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र, इंदिरा कॉलोनी के नजदीक नवजीवन नशा मुक्ति केंद्र, गांव बहु अकबरपुर के समीप स्वीकार समाज कल्याण समिति द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र व सामान्य अस्पताल रोहतक के नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने रिकार्ड की जांच पड़ताल कर मरीजों से भी बातचीत की। निरीक्षण के दौरान डॉ. के एल मलिक, डॉ विपिन, डॉ. सुमन हुड्डा, जिला समाज कल्याण अधिकारी महावीर गोदारा आदि मौजूद रहे।

### भैंसरु खुर्द की निगरानी करेगी तीसरी आंख



**सांपला।** साढ़े हजार की आबादी वाला गांव भैंसरु खुर्द अब तीसरी आंख की निगरानी में होगा। गांव में पंचायत के फंड से सीसीटीवी लगाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ऐसे में गांव में होने वाली गतिविधियों के अलावा आपराधिक घटनाओं पर नजर रहेगी। प्रथम चरण में मुख्य जगहों पर लगभग 35 कैमरे लगाए जा चुके हैं। वहीं पंचायत की तरफ से गांव में पहली बार सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं। गांव में नजर रखने के लिए पंचायत कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। गांव में लगाए जा रहे सीसीटीवी आधुनिक तकनीक के हैं, जो दिन में तो अपना काम करेंगे, वहीं रात के समय भी इनके दायरे में होने वाली हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। यही नहीं रात के समय भी तस्वीर भी पूरी तरह से साफ आएगी तथा रिकॉर्डिंग भी होगी। कुछ दिन पहले आबादी में रात के समय चोरों के घुसने जैसी बातें सामने आई थी, जिसके बाद पंचायत ने गांव में सीसीटीवी लगाने का निर्णय लिया गया।



### मॉडल स्कूल के सात विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और स्वर्ण पदक प्राप्त किए

**रोहतक।** आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में वार्षिक ओलंपियाड आयोजित किया। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपने बुनियादी सिद्धांतों को मजबूत करने के लिए एक मंच प्रदान किया गया। युनिफाइड कौंसिल के सहयोग से विभिन्न ओलंपियाड परीक्षाएं ऑनलाइन आयोजित की गईं। जिनमें राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा (एनएसटीएसई) कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियोंके लिए, एकीकृत अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (यूआईएमओ) कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियोंके लिए, युनिफाइड इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड (यूआईईओ) कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए, यूनिफाइड साइबर ओलंपियाड (यूसीओ) कक्षा 2 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए शामिल रही। मॉडल स्कूल के सात विद्यार्थियों ने एनएसटीएसई ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और स्वर्ण पदक प्राप्त किए। 26 अन्य छात्रों को विभिन्न एनएसटीएसई ओलंपियाड में उनकी उपलब्धियों के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा द्वारा दिए गए। उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# 121 मतदान केंद्र के भवन मिले जर्जर

- भगवतीपुर में औषद्यालय में स्थित मतदान केंद्र संख्या 121 का जर्जर भवन होने के कारण केंद्र को आंगनवाड़ी केंद्र में स्थापित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



रोहतक। लघु सचिवालय स्थित सभागार में राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की बैठक लेते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि महम-60 विधानसभा क्षेत्र के गांव भगवतीपुर में औषद्यालय में स्थित मतदान केंद्र संख्या 121 का जर्जर भवन होने के कारण मतदान केंद्र को आंगनवाड़ी केंद्र में स्थापित किया गया है, जिसकी दूरी लगभग 60 मीटर है। यह मतदान केंद्र बदलने बारे मुख्य निर्वाचन अधिकारी को प्रस्ताव भेजा जायेगा।

डीसी सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग एवं हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की हिदायतों अनुसार जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों की शत-प्रतिशत पड़ताल करवाई गई। सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों की पड़ताल के बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग के साथ संयुक्त रूप से मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण किया है। इस निरीक्षण के बाद गांव भगवतीपुर में स्थापित मतदान केंद्र 121 को औषद्यालय के जर्जर भवन से आंगनवाडी केंद्र में स्थानांतरित किया गया है। इस प्रस्तावित मतदान केंद्र के समायोजन के बारे में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के सभी प्रतिनिधियों ने मतदान केंद्रों के प्रस्ताव को अनुमोदन करवाने हेतु अपनी सहमति प्रकट की। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की निगरानी के लिए आयोग द्वारा विकसित की गई सी-विजिल मोबाइल ऐप पर अभी तक जिला में 65 शिकायतें मिली है, जिनमें से 12 को ड्रॉप कर दिया गया तथा शेष अन्य का निपटारा कर दिया गया है। लोकसभा आम चुनाव के बारे में शिकायतें व सुझाव के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 01262-230252 है। अजय कुमार ने बताया कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता की अनुपालना करनी होगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने जन मिलन समारोह में भाग लिया

# रोहतक की जीत राजनीति को देगी नई दिशा



महम। जन मिलन समारोह के दौरान राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का स्वागत करते शहरवासी और कांग्रेस के जन मिलन समारोह में मौजूद भीड़।



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महम

कस्बा महम की पंजाबी धर्मशाला में कांग्रेस पार्टी द्वारा जन मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह के संयोजक जिला परिषद् के पूर्व वाइस चेयरमैन बलराम दांगी रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी ने की।

इस दौरान कई लोगों ने कांग्रेस ज्वाइन की। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने महम के लोगों से कहा कि इस बार उनकी इच्छा है कि 1991 में चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को जैसा सहयोग मिला, वो उनको भी मिले। यहां का जनादेश पूरे हरियाणा को दिशा देने का काम करता है। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने मतदाताओं से कहा कि भाजपा शासन में गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी, महिला, जवान और पहलवान आदि से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदेश सरकार में शामिल लोगों से सवाल पूछें कि पिछले 10 साल में देश और प्रदेश में विकास की गति को रोकने के अलावा भाजपा ने क्या किया है। प्रदेश के अंदर भ्रष्टाचार का बोलबाला है, महंगाई, अपराध, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। दीपेंद्र ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ लोकसभा का नहीं है। प्रदेश की सबसे हॉट सीट बोलते हैं रोहतक को, लेकिन वह मानते हैं कि यहां की जीत पूरे प्रदेश की राजनीति को एक नई दिशा देगी। रोहतक लोकसभा का चुनाव जीते ही प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने का रास्ता साफ हो जाएगा।

इस मौके पर पूर्व चेयरमैन सुनील रांगी, धर्मवीर वकील, महम बार एसोसिएशन प्रधान एडवोकेट रवि शंकर सोनी, पूर्व पार्षद सोमनाथ गिरोत्रा, पूर्व सरपंच धर्मराज, कृष्ण नहरा, एडवोकेट प्रदीप ढाका, डॉ. के एस नरवाल, जगत सिंह काला, जोगिंद्र गिरोत्रा, राजू सोनी आदि मौजूद रहे।

### डेढ़ लाख क्विंटल गेहूं पहुंचा, नहीं हुई खरीद किसान नेताओं ने उठाए सरकार पर सवाल



**सांपला।** मौसम भले ही खराब हो लेकिन मंडी में गेहूं की आवक जारी है। सोमवार को करीब 25000 क्विंटल गेहूं मंडी में बिक्री के लिए पहुंचा। हालांकि फसल की खरीद नहीं हुई। सोमवार को हेफेड एजेंसी द्वारा खरीद की जानी थी। पिछले तीन दिनों से मौसम खराब चल रहा है। जिसकी वजह से फसल की कढ़ाई कटाई रुकने के अलावा एजेंसी द्वारा खरीद भी बंद की हुई है। मंडी में गेहूं की आवक लगातार जारी है। रविवार और सोमवार को करीब 35000 क्विंटल गेहूं मंडी में पहुंचा है। अधिकतर अनाज खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। बारिश से बचने के लिए कोई पुख्ता प्रबंध नजर नहीं आए। सोमवार को ऑल इंडिया कांग्रेस किसान कोऑर्डिनेटर कमेटी के सदस्य ओमप्रकाश खत्री के अलावा अन्य नेता मंडी में पहुंचे। उन्होंने किसान व आढ़तियों की समस्याएं भी सुनी। उन्होंने मंडी में खरीद को लेकर सरकार की नाकामी बताया। उन्होंने कहा कि आज किसान व आढ़ती दोनों परेशान है । सरकार की तरफ से फसल को सुरक्षित रखने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए । खुले आसमान के नीचे पड़ा अनाज बारिश में बर्बाद हो रहा है। किसान की मेहनत पर पानी फिर रहा है लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं। अगर सरकार सही समय पर खरीद और उठान करती तो ये नोबत नहीं आती। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने जल्द से जल्द किसानों की फसल की नहीं खरीद और उठान नहीं किया तो किसान रोष प्रकट करेंगे। इस मौके पर रामवीर, महेंद्र सिंह, सतवीर, जसवीर, जसवंत सिंह आदि उपस्थित थे।